राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग वित्त और विकास निगम का स्थापित किया जाना

3579. श्री ईश दत्त यादव : क्या कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने पिछड़े वर्गों के विकास के लिए जनवरी, 1992 को राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग वित्त और विकास निगम की स्थापना की थी;

(ख) यदि हां, तो 31 जनवरी, 1993 तक इस संबंध में इस निगम द्वारा कार्यान्वित की गई स्कीमों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या यह भी सच है कि इस निगम का कार्य निष्पादन संतोषजनक नहीं रहा है ?

कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के० वी० तंकाबालू) : (क) जी, नहीं।

(ख) उन योजनाओं के ब्यौरे, जिनके लिए ऋणों की मंजूरी की गई है तथा 31 जनवरी, 1994 तक उसका संवितरण किया जा चुका है, संलग्न विवरण में दिये गये हैं (**नीचे देखिए**)।

(ग) जी, नहीं। निगम का अब तक कार्य-निष्पादन संतोषजनक रहा है।

विवरण

राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम

क्षेत्रवार ऋण स्वीकृति 31.1.1994 तक

क्षेत्र	लाभार्थियों की संख्या संख्या	यूनिटों की संख्या	स्वीकृत ऋण राशि (रुपये लाखों में)
कृषि	11,106	9,738	2493,376
दस्तकार	17,214	16,162	1143,07
लघु उद्योग	5,762	5,762	807,456
छोटे व्यापार	26,619	26,595	2631,497
परिवहन	6,078	4,578	1538,864
कुल	66,779	62,835	8614,263

कल्याण मंत्रालय की योजनाओं की समीक्षा और निगरानी रखने के लिए प्रकोष्ठ

3580. श्री रामसिंह राठवा : क्या कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने कल्याण मंत्रालय द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के कार्यकरण की समीक्षा और उनके क्रियान्वयन पर निगरानी रखने के लिए एक प्रकोष्ठ स्थापित करने के कोई प्रयत्न किए हैं;

(ख) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस संबंध में अब तक कितनी प्रगति हुई है ?

कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के० वी० तंकाबालू) : (क) से (ग) कल्याण मंत्रालय की योजनाओं के कार्यान्वयन की कार्य प्रणाली तथा मॉनीटरिंग हेतु समीक्षा करने के लिए निम्नलिखित उपाय किए गए हैं :—